उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 31.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “एक भारत – श्रेष्ठ भारत” के संकल्प के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

## जनपद महोबा में “रन फॉर यूनिटी” का भव्य आयोजन – लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

आज दिनांक- 31.10.2025 को भारत के लौह पुरुष, देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जनपद महोबा में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद के आल्हा चौक में प्रातः 08.00 बजे कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के राष्ट्र-निर्माण में असाधारण योगदान, विशेषकर देश की अखंडता एवं प्रशासनिक एकीकरण में उनकी भूमिका को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।

इसके उपरांत “राष्ट्रीय एकता के लिये दौड़ (Run for Unity)” का भव्य आयोजन मुख्यालय आल्हा चौक से जिलाधिकारी आवास तक किया गया। इस कार्यक्रम का फ्लैग-ऑफ (Flag-off) पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मा0 मुख्य अतिथि पूर्व सांसद (बांदा/चित्रकूट) श्री आर.के. सिंह पटेल, अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पुलिस लाइन एवं थाना कोतवाली नगर के पुलिसकर्मी, रिक्रूट आरक्षीगण, समाजसेवी, स्थानीय नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी एवं धावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण ऊर्जा, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना के साथ दौड़ में भाग लिया और नगर के प्रमुख स्थलों से होते हुए राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री आर.के. सिंह पटेल एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में भी “Run for Unity” कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रस्ताव किया गया, ताकि एकता और अखंडता का यह संदेश समाज के प्रत्येक कोने तक पहुँचे।

इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता एवं आपसी सौहार्द के भाव को सुदृढ़ करना तथा युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण और प्रेरणा का संचार करना है।

**मुख्य बिंदु:**

- सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन।
- “Run for Unity” का भव्य आयोजन आल्हा चौक से जिलाधिकारी आवास तक।
- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ।
- पूर्व सांसद श्री आर.के. सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, छात्रों और नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता।
- राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन।






## "एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति" —
## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर महोबा पुलिस द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का भव्य आयोजन...

"राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा – यही हमारा संकल्प"

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में आज दिनांक 31.10.2025 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" महोबा पुलिस द्वारा बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।


उन्होंने कहा कि — "एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, और यही शक्ति 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करती है।"

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

साथ ही क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ में सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए एवं उपस्थित पुलिस कर्मियों को एकता व सद्भाव की शपथ दिलाई गई।

पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें रन फॉर यूनिटी, शपथ समारोह, व श्रद्धांजलि सभाएँ प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं।

महोबा पुलिस "एक भारत – श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ देश की एकता, सद्भावना और आंतरिक सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 31.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## बाल श्रम एवं किशोर श्रम उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कार्यवाही...

अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के कुशल निर्देशन में थाना एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र मय हमराह उप निरीक्षक फूलचन्द्र मिश्र (थाना एएचटीयू, पुलिस कार्यालय महोबा) तथा निरीक्षक महेन्द्र प्रजापति, श्रम प्रवर्तन अधिकारी महोबा की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढाबों, दुकानों, वर्कशॉप, गैराजों आदि संदिग्ध स्थानों पर चेकिंग/रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान टीम को 02 बालक बालश्रम करते हुए मिले, जिन्हें एएचटीयू व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। साथ ही, श्रम प्रवर्तन अधिकारी महोबा द्वारा संबंधित वर्कशॉप/दुकान मालिकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

अभियान के दौरान टीम द्वारा दुकानों, वर्कशॉप, गैराज आदि के संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग बालक/बालिका से कार्य न कराया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही, टीम द्वारा क्षेत्र में मौजूद आमजन को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह इत्यादि अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा शासन द्वारा जारी इमरजेंसी सहायता हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर – 1090, 1098, 108, 112, 1076 एवं 181 की जानकारी भी प्रदान की गई।

यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जनपद में बालश्रम एवं मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों का पूर्ण उन्मूलन किया जा सके।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 31.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## फसल बीमा घोटाले के वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी

## जनपद महोबा के थाना चरखारी पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता

## “न्याय और पारदर्शिता के प्रति वचनबद्ध महोबा पुलिस”

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी श्री दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत थाना चरखारी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम जिसमें वरि0उ0नि0 रमेश कुमार यादव, हे0कां0 रामबाबू गौतम एवं कां0 महेश प्रसाद सम्मिलित रहे जिनके द्वारा थानास्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 202/2025 धारा 318(4)/338/336(3) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र रामप्रताप राजपूत, निवासी प्रेमपुर थाना गिरवा, जनपद बांदा को आज दिनांक 31.10.2025 को सेन्ट जेम्स इंटर कॉलेज, अस्थौन रोड, कस्बा व थाना चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व जनपद महोबा में फसल बीमा घोटाले के सम्बन्ध में विभिन्न थानों में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। उक्त मामलों में फसल बीमा की आड़ में घोटालेबाज़ी कर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना चरखारी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घोटाले से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

महोबा पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज में विधि का शासन सुदृढ़ रूप से स्थापित हो सके।

### गिरफ्तार अभियुक्त :-

दिलीप कुमार पुत्र रामप्रताप राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी प्रेमपुर थाना गिरवा तहसील नरैनी जनपद बांदा

### गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. वरि रमेश कुमार यादव 0उ0नि0
2. हे रामबाबू गौतम 0कां03. कांमहेश प्रसाद 0



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 31.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 31.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक– 31.10.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## “दंड से न्याय की ओर...
## महोबा पुलिस का NCL जागरूकता अभियान 2.0 जारी”
## जन-जन तक पहुँचाए जा रहे नये आपराधिक कानूनों के प्रावधान

भारत सरकार द्वारा लागू नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) के संबंध में जनपद महोबा में नागरिकों को जागरूक करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में दिनांक 30 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2025 तक “NCL जागरूकता अभियान 2.0” संचालित किया जा रहा है।

इस तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा अधिक से अधिक जनभागीदारी के साथ विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण, अपराध में प्रौद्योगिकी एवं फॉरेंसिक के प्रयोग, तथा पीड़ित केन्द्रित प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है।

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को अभियान के द्वितीय दिवस पर—

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज, ग्राम सुगिरा में विद्यार्थियों को नवीन आपराधिक कानूनों BNS, BNSS एवं BSA की जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति एवं साइबर अपराध रोकथाम पर भी जागरूक किया गया।

थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा पटेल इंटर कॉलेज, ग्राम ननोरा में विद्यार्थियों को नवीन कानूनों की जानकारी प्रदान की गई।

थाना चरखारी पुलिस टीम ने टॉपर्स लाइब्रेरी, चरखारी में छात्रों को नवीन कानूनों के प्रावधानों से अवगत कराया।

थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज, चिचारा में विद्यार्थियों को नवीन कानूनों की जानकारी दी गई।

जनपद के अन्य थानों द्वारा भी थानाक्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को नये कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूक किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 31.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल खोजकर पीड़ित को किया गया सुपुर्द।

### "महोबा पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क निरंतर सक्रिय"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 30.10.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली नगर की टीम द्वारा शिकायतकर्ता अभय सिंह कुशवाहा पुत्र विजय सिंह निवासी गाजीपुर का realme मोबाइल फोन, जो कही गुम हो गया था , सरकार द्वारा जारी किये गये पोर्टल ceir.gov.in से बरामद कर आज सकुशल उन्हें सुपुर्द किया गया , इस अवसर पर पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

**साइबर हेल्पडेस्क टीम-**

1. उ0नि0 शिवांगी प्रजापति थाना कोतवाली नगरजनपद महोबा
2. कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए अभिषेक वर्मा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**साइबर हेल्प डेस्क से संबंधित जनहित अपील-**

यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम/चोरी हो जाता है तो उसको ceir.gov.in पोर्टल से आम जन नागरिक ब्लाक करा सकते है, जिससे यदि किसी के द्वारा उस मोबाइल में कोई सिम डाला जाता है तो सम्बन्धित सिम की जानकारी सम्बन्धित थाने में पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो जायेगी, जिससे आसानी से मोबाइल को रिकवर किया जा सकता है और यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क अथवा टोल-फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे। साइबर हेल्प डेस्क पर सूचना देने से पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहयोग मिलता है और बरामदगी/निवारण की संभावना बढ़ जाती है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें एवं व्यक्तिगत अथवा बैंक संबंधी जानकारी अजनबियों से साझा न करें।

